an>

Title: Need to conduct C.B.I. enquiry into the alleged misuse of central package for development of Bundelkhand.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके सामने एक अति लोक-महत्व के प्रश्न को रखना चाहता हूं। मेरा क्षेत्र बुंदेलखंड में आता है, जो कि यू.पी. का बहुत पिछड़ा जिला है। वहां पर केन्द्र सरकार ने पिछले तीन सालों में विशेष पैकेज के रूप में बुंदेलखंड पैकेज के नाम पर करोड़ों रुपया उपलब्ध कराया था, लेकिन पीछे कोई संस्था के कार्यदायी न होने से राज्य सरकार के माध्यम से जो पैसा जा रहा है, उसको मनमाने तरीके से खर्च किया जा रहा है। उसमें लगभग दो से ढ़ाई हजार करोड़ रुपये तक का भ्रष्टाचार हुआ है, जैसे कि उसमें बिल वाउचर दुगुने तिगुने दाम से लगाये जाते हैं। कई प्रकार से उसका दुरुपयोग किया जा रहा है तथा ऐसी जगहों पर उसको खर्च किया जा रहा है, जहां पर उसकी कोई जरूरत नहीं है। इसके अलावा फर्जी बिल वाउचर भी बनाये गये हैं।

मैं विशेष तौर से वन विभाग, भूमि संरक्षण विभाग और सिंचाई विभाग के बारे में कहना चाहूंगा एवं जल निगम की पेयजल योजनाओं में, कृषि विभाग की योजनाओं में घटिया क्वॉलिटी बनाकर धनराशि का दुरुपयोग किया गया है।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि अभी भी सन् 2017 तक पैसा जाना है और वर्तमान में भी पैसा जा रहा है। इसलिए इसके दुरूपयोग को रोका जाए और जो पिछले समय में करोड़ों रुपये का जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी जांच सी.बी.आई. से कराई जाए तथा धन की वसूली संबंधित लोगों से की जाए, ऐसा मेरा सरकार से अनुरोध है।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाये गये विषय के साथ

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को एसोशिएट किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।